
# UNIVERSITY NEWS 23 MARCH 2026

## AMAR UJALA

### लखनऊ विवि में तीन अहम नियुक्तियां


**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रशासनिक और छात्र कल्याण व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए तीन अहम नियुक्तियां की गई हैं। कुलपति डॉ. जेपी सैनी के निर्देश पर जारी आदेश के तहत भौतिकी विभाग के प्रो. आशीष अवस्थी को विश्वविद्यालय का चीफ प्रोवोस्ट और प्राणीशास्त्र विभाग की प्रो. अमिता कन्नौजिया को स्टूडेंट्स वेलफेयर का डीन नियुक्त किया गया है। इकोनॉमिक्स विभाग के प्रो. विनोद कुमार सिंह को लविवि के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल का निदेशक नियुक्त किया गया है। यह आदेश रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी किया गया है। दोनों नियुक्तियां कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों के लिए प्रभावी रहेंगी या अगले आदेश तक लागू होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)



प्रो. आशीष अवस्थी।



प्रो. अमिता कन्नौजिया।



प्रो. विनोद कुमार सिंह।

## DAINIK JAGRAN


### लवि : प्रो . अमिता डीएसडब्ल्यू प्रो . आशीष बने चीफ प्रोवोस्ट

**जासं • लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने तीन प्रशासनिक पदों अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू), चीफ प्रोवोस्ट और इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आइक्यूएसी) पदों पर बदलाव करते हुए दूसरे शिक्षकों को इस पद की जिम्मेदारी सौंप दी है। इस संबंध में कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने पत्र जारी कर दिया है।

अभी तक डीएसडब्ल्यू पद पर केमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर वीके शर्मा तैनात थे, अब उनकी जगह जंतु विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर अमिता कनौजिया को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह चीफ प्रोवोस्ट पद पर कार्यरत प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह को हटाकर भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर आशीष अवस्थी को नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि हाल ही में द्वितीय परिसर



प्रो . अमिता कनौजिया



प्रो . आशीष अवस्थी

में छात्रावासों में खाने की खराब गुणवत्त सहित अन्य अव्यवस्थाओं को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। वहीं, आइक्यूएसी के निदेशक पद की कमान अब प्रोफेसर संगीता साहू की जगह अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर विनोद सिंह संभालेंगे। नई अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता का कहना है कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्हें पढ़ाई के साथ नौकरी व अन्य अवसरों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना, बेहतर चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए समय-समय पर परामर्श, सुरक्षित पेयजल सुविधाएं भी प्राथमिकता होंगी।

## AMRIT VICHAR

# कई रोगों की रोकथाम में फंक्शनल फूड्स सक्षम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

• **खाद्य सुरक्षा में नैनो तकनीक के प्रयोग पर लविवि शिक्षक ने वैश्विक अकादमिक पुस्तक किया प्रकाशित**

**अमृत विचार:** फंक्शनल फूड्स कहा जाने वाला जई का दलिया और आटा स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इससे बनी निर्मित दलिया, अनाज, ब्रेड, फलों के जैम, प्रोसेस्ड सॉस कई रोगों से लड़ने में सक्षम हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार और जैव रसायन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधु कामले की इस विषय पर पुस्तक को वैश्विक स्तर पर एल्सेवियर अकादमिक प्रेस ने प्रकाशित किया गया है।



डॉ . प्रदीप कुमार

आस्ट्रेलिया डीयाकिन विश्वविद्यालय के प्रख्यात फूड साइंटिस्ट दिपेंद्र कुमार महतो के साथ मिलकर लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने पुस्तक तैयार की है। पुस्तक खाद्य विज्ञान, पोषण, जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों के उच्च स्तरीय शोध और अनुभवों को एकसाथ प्रस्तुत करती है। पुस्तक फंक्शनल फूड्स, न्यूट्रास्यूटिकल्स, बायोएक्टिव यौगिकों और आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों पर केंद्रित है, जो मानव स्वास्थ्य सुधार और रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### बॉयोएक्टिव घटकों का अध्ययन

- पुस्तक में कई उभरते हुए और नवोन्मेषी शोध क्षेत्रों पर लिखा गया है। जिसमें खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले बायोएक्टिव घटकों का अध्ययन, आंतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में प्रोबायोटिक्स और प्रीबायोटिक्स की भूमिका, टिकाऊ वैकल्पिक प्रोटीन स्रोत के रूप में कीट-आधारित प्रोटीन के विकास जैसे विषय शामिल हैं।



जई की फसल

### नैनो तकनीक पर भी चर्चा

- प्लांट-बेस्ड फूड विकल्प, मोटे अनाज आधारित फंक्शनल फूड्स और पोषक तत्वों की डिलीवरी और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए फूड सिस्टम में नैनो टेक्नोलॉजी के उपयोग पर भी चर्चा की गई है। इसके अतिरिक्त, पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता व अगली पीढ़ी के फंक्शनल फूड्स के विकास के लिए टिकाऊ रणनीतियों से जुड़े शोध को भी इसमें शामिल किया गया है।

## NBT

### LU में प्रफेशनल कोर्सों के लिए अलग प्लेसमेंट सेल

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रफेशनल कोर्सों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए अब रोजगार मिलना आसान हो सकेगा। प्रफेशनल कोर्सों के छात्रों को अब कैंपस से ही नौकरी मिल सकेगी। इसके लिए एलयू प्रशासन ने सेकंड कैंपस में संचालित सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए एक 'डेडिकेटेड प्लेसमेंट सेल' बनाने का फैसला लिया है। इससे मैनेजमेंट, इंजिनियरिंग और लॉ जैसे प्रफेशनल कोर्सेज के छात्रों को अब नौकरी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना होगा। नया सेल न केवल प्लेसमेंट कराएगा, बल्कि छात्रों को इंडस्ट्री की लेटेस्ट डिमांड के हिसाब से तैयार भी करेगा। इसके लिए विवि में समय समय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किए जाएंगे।

### प्रो. अमिता डीएसडब्ल्यू, विनोद बने आईक्यूएसी निदेशक

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रशासनिक पदों पर तैनात शिक्षकों के बदलाव की शुरुआत हो गई है। विवि के वीसी प्रो. जेपी सैनी की ओर से तीन पदों पर नए शिक्षकों को तैनाती दी है। इसमें सबसे पहला नाम डीएसडब्ल्यू का है जिस पर जूलॉजी विभाग की प्रो. अमिता कन्नौजिया को यह जिम्मेदारी दी गई है। वहीं इकॉनमिक्स विभाग के प्रो. विनोद सिंह को नया आईक्यूएसी निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा फिजिक्स विभाग के प्रो. आशीष अवस्थी को विवि का नया चीफ प्रोवोस्ट बनाया गया है। तीनों शिक्षकों को तीन साल के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

## AMRIT VICHAR

### प्रो. विनोद सिंह ने निदेशक बनाए गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। अर्थशास्त्र विभाग के प्रो . विनोद सिंह को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ( आईक्यूएसी ) का निदेशक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में कुलसचिव डॉ . भावना मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है।

### लविवि की छात्रा ने जीता प्रथम पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित "फार्मा अन्वेषण 2026" कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की छात्रा उन्नति सक्सेना ने पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्नति ने बीसीएस वर्ग चार की दवाओं में मौखिक दवा वितरण की बाधाओं का पुनर्मूल्यांकन : एसईडीडीएस की उभरती भूमिका" विषय पर अपना शोध पोस्टर प्रस्तुत किया।

### आशीष अवस्थी बने चीफ प्रोवोस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के प्रोफेसर आशीष अवस्थी को विश्वविद्यालय का मुख्य प्रोवोस्ट नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में कुलसचिव डॉ . भावना मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है।

### प्रो. अमिता बनी डीन स्टूडेंट वेलफेयर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग की प्रोफेसर अमिता कनौजिया को छात्र कल्याण अधिष्ठाता ( डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर ) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में कुलसचिव डॉ . भावना मिश्रा द्वारा आदेश जारी किया गया है।

## TIMES OF INDIA

### VC makes 3 appointments in LU admin

**Lucknow:** Lucknow University announced new appointments to the positions of deans' student welfare (DSW), director of internal quality assurance cell (IQAC) and hostel administration on Sunday.

According to the notice, vice-chancellor Prof JP Saini appointed prof Amita Kanaujia from the zoology department, succeeding prof VK Sharma, as the head of the DSW for a duration of three years until further notice.

Prof Vinod Singh will succeed prof Sangeeta Sahu as director of the internal quality assurance cell (IQAC), a body responsible for maintaining academic standards within the university. Prof Aashees Awasthi from the physics department will take over the chief provost position from prof Anoop Kumar Singh for the same duration. TNN

## I NEXT

### टूरिज्म डिपार्टमेंट में नए कोर्स की होगी शुरुआत

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (22 March):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को अब एक और प्रोफेशनल कोर्स का मौका मिलेगा, जिसके साथ वे अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं. वीसी की अध्यक्षता में हुई गवर्निंग बोर्ड की मीटिंग में ये फैसला लिया गया कि इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज के अंतर्गत बीएचएमसीटी यानी बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी कोर्स की शुरुआत की जाएगी. जिससे स्टूडेंट्स न सिर्फ प्रोफेशनल स्किल्स डेवलप कर पाएंगे बल्कि उन्हें बेहतर करियर ऑप्शन भी मिलेंगे. बीएचएमसीटी में एडमिशन इस नए सेशन से ही शुरू कर दिए जाएंगे. जिसके तहत अभी 60 सीटों पर एडमिशन लिया जाएगा. इस कोर्स के जरिए स्टूडेंट्स को बेहतर प्लेसमेंट भी मिलेगा और होटल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री में बढ़िया करियर भी. अभी तक टूरिज्म डिपार्टमेंट में बीबीए, बीएचएम जैसे कोर्सेज चलते रहे हैं.

### प्रो. अमिता कनोजिया बनाई गई एलयू की डीएसडब्ल्यू

**LUCKNOW (22 March):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में जिम्मेदारियों के फेरबदल के सिलसिले में प्रो. अमिता कनौजिया को डीन स्टूडेंट वेलफेयर की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रो. विनोद सिंह को आईक्यूएसी का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है. इसके साथ ही प्रो. आशीष अवस्थी को चीफ प्रोवोस्ट की जिम्मेदारी दी गई है.

## AMRIT VICHAR

- लखनऊ विश्वविद्यसलय में सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस पर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी सभा का आयोजन- 11:30 बजे से।